Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# प्रसव पीड़िता के नवजात हायर सेंटर पहुंचने से पहले तोड़ रहे है रास्तो में दम

## अस्पताल प्रबंधन ने भी माना संसाधनों की है कमी, गर्भवतियों का इलाज कर पाना मुश्किल

**जिम्मेदार कौन**

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद मुख्यालय के हरगोविंद पंत चिकित्सालय में वर्ममान में संसाधनों की कमी आडे आने लगी है। इस बात को अब खुद सीमांत का महिला अस्पताल प्रबंधन मानने लगा है। जानकारी के मुताबिक साल 1962 में सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में हरगोविंद पंत चिकित्सालय की निमार्ण हुआ। यहां पर रोजाना एक सौ बीस से अधिक तक ओपीडी सेवा चलती है। हालात ऐसे है कि रोजाना अस्पताल में संसाधनों की कमी होने के बावजूद हर दिन हर माह प्रसव और अन्य मामलों के बीमार मरीजों की तादात यहां पर बढने लगी है।

वही दूसरी ओर प्रसव पीड़ा से जूझ रही गर्भवती महिलाओं को इलाज के लिए बरामदें में बेड लगाकर अस्पताल प्रबंधन वर्तमान




में भर्ती करा रहा है। तस्वीर यह है कि अपने जच्चा बच्चा के इलाज के लिए डाक्टरों द्वारा मनमानी व अभद्र व्यवहार किये जाने पर प्रसव पीड़िता के तीरमदार आनन फानन में जिला स्तर पर बेहद उपचार न मिल पाने के कारण मजबूरी में हायर सेंटर रेफर होने व चक्कर काटने को मजबूर होते देखे जा सकते है। बता दें कि सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में प्रसव पीड़ा से जूझ रही गर्भवती महिलाओं को ऐसी परिस्थति में आये दिन अपनी जिंदगी व मौत से जूझना पड़ रहा है। जिले की महिला अस्पताल की लचर हो चुकी स्वास्थ सेवा इन दिनों प्रसव पीड़ा के दर्द से जूझ रही महिलाओं के इलाज पर संसाधनों की कमी का रोड़ा खासा भारी पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक विगत छह माह में अस्पताल में मात्र एक हजार सत्रह सामान्य प्रसव वतन सौ तिरासी सिजेरियान कर याया है। वही हायर सेंटर से जिला मुख्यालय की सामान्य दूरी दो सौ पचास किमी के आसपास है। हायर सेंटर पहुंचने से पहले ही जच्चा बच्चा रास्तों में ही दम तोड़ रहे है। जहां जिला महिला अस्पताल में सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के अलावा पड़ोसी देश नेपाल व चंपावत से प्रसव पीड़िताओं की लंबी तादात देखने को मिलती है। आलम यह है अस्पताल प्रबंधन तो गंभीर केस में मरीजों को देखने में अब कदम पीछे करते साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। वही मरीजों के तीरमदार के सामने मजबूरी है कि वह अपने जच्चा बच्चा को सुरक्षित प्रसव कराने के लिए अपने जोखम पर हायर सेंटर जाने को मजबूर हो रहे है।

इस बारे में महिला चिकित्सालय वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ जेएस नबियाल ने माना है कि जिले के सबसे बडे एकमात्र महिला चिकित्सालय में वर्तमान में संसाधनों की कमी आडे आने लगी है।

## न्यूज डायरी

### केंद्रीय मंत्री शेखावत ने हर की पैड़ी पर अपनी माता की अस्थियां विसर्जित कीं

**संवाददाता** ऋषिकेश। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज हरिद्वार पहुँच कर हर की पौड़ी पर अपनी माता की अस्थियों का विसर्जन किया। इस दौरान उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने हरकी पौड़ी पर पहुंच कर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मिलकर उनकी मां के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। 10 अक्टूबर को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की माता मोहन कंवर का लंबी बीमारी के बाद दिल्ली एम्स में निधन हो गया था। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री अपनी माता के अस्थि विसर्जन के लिए हर की पौड़ी पहुंचे थे जहाँ विधानसभा अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री से मिलकर उनकी मां के निधन पर शोक व्यक्त किया एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।

### हरीधाम की समस्या को लेकर स्पीकर अग्रवाल को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गुमानीवाला के हरीधाम निवासियों ने विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल से बैराज रोड स्थित उनके कैंप कार्यालय पर भेंट कर हरीधाम की समस्या को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि हरीधाम क्षेत्र मे नालियों का निर्माण किया जाए एवं उन नालियों को राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा बनाए गए नाले में मिलाया जाए। इस अवसर पर अग्रवाल ने हरीधाम क्षेत्रवासियों को समस्या के समाधान के लिए आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गुमानीवाला ग्राम पंचायत के अंतर्गत आंतरिक मार्गों का जाल बिछाया गया है जिससे लोगों को आवागमन में आसानी हो रही है।

### आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की भेंट



**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में आंगनवाड़ी की प्रदेश अध्यक्षा रेखा नेगी, महामंत्री सुमति थपलियाल एवं मीनाक्षी रावत ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के हित में निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा की आंगनवाड़ी की बहनों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा की राज्य में सीमित संसाधन होने के बावजूद भी राज्य सरकार द्वारा सबके हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य किए जा रहे हैं।

## सरकार के खिलाफ गरजे आउटसोर्सिंग कर्मी, जलापूर्ति रोके रहने पर अड़े

**संवाददाता** अल्मोड़ा। जलसंस्थान ने संविदा श्रमिक संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। आउसोर्सिंग कार्मिकों ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नही होती तब तक वह जलापूर्ति सुचारु नही करेंगे। मौके पर सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

शुक्रवार को जल संस्थान के संविदा श्रमिक संघ ने गांधी पार्क में सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सरकार उनके मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है। पिछले 25 सालों से ठेकेदार के अंदर कार्य करने को मजबूर है। मंहगाई इन सालों में कई गुना बढ़ गई है। लेकिन कर्मियों का मानदेय सात से आठ हजार रुपया ही है। आउटसोर्सिंग कार्मिक 10 से 12 घंटे कार्य कर रहे हैं। कार्मिकों को मेहनत का उचित मानदेय नही मिल रहा है। उनकी प्रमुख मांगें नियमितिकरण किया जाए।

समान कार्य के लिए समान वेतन, वर्तमान में महंगाई को देखते हुए न्यूनतम मानदेय 25 हजार रुपए किया जाए है। उन्होंने उपनल के माध्यम से नियुक्ति प्रदान किए और साप्ताहिक अवकाश दिए जाने की मांग की है। जनप्रतिनिधि से लेकर उच्चाधिकारियों को इस संबंध में पिछले दो दशकों से पत्राचार किया जा रहा है। लेकिन आज तक आश्वासन के अलावा कुछ नही मिला। इस बार आर–पार की लड़ाई होगी। जब तक मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नही होती आंदोलन जारी रहेगा। कार्मिकों को मेहनत का उचित मानदेय नही मिल रहा है।




## हरीश कोठारी बने सीएम के मीडिया कोऑर्डिनेटर

**संवाददाता** देहरादून। वरिष्ठ पत्रकार हरीश कोठारी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी गई है। इस संबंध में सचिव प्रभारी विनोद कुमार सुमन ने आदेश जारी किए हैं।

# उत्तराखंड में लगातार बढ रहा है आम आदमी पार्टी का कुनबा

### थराली विस सीट से निर्दलीय प्रत्याशी रहे गुड्डू लाल ने ली समर्थकों संग आप की सदस्यता

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में आम आदमी पार्टी का कुनबा लगातार बढ रहा है और पार्टी आगामी चुनावों को देखते हुए लगातार अपना संगठन मजबूत करने में लगी हुई है। आज आम आदमी पार्टी के सीएम प्रत्याशी कर्नल अजय कोठियाल और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भूपेश उपाध्याय की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में, थराली विधानसभा से 2017 में विधानसभा चुनाव लड़ चुके ,निर्दलीय प्रत्याशी गुड्डू लाल को आप पार्टी की विधिवत सदस्यता दिलाई ,जो मोदी लहर के बावजूद भी 2017 के चुनावों में 7088 वोट पाने में कामयाब रहे थे। गुड्डू लाल पूर्व जिला पंचायत सदस्य रहे चुके हैं। उन्होंने नंदप्रयाग – घाट डेढ़ लेन सड़क आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए 3 महीने तक आंदोलन में संघर्ष किया। इस संघर्ष को आगे बढाते हुए भूख हड़ताल के साथ उन्होंने घाट से देहरादून तक 250 किमी की पदयात्रा की, जिसके आगे सरकार को झुकने पर मजबूर होना पडा। आज उन्हें आप पार्टी कार्यालय में कर्नल कोठियाल ने विधिवत आप पार्टी की सदस्यता दिलाई। उनके साथ कई अन्य लोगों ने आप पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस दौरान कर्नल अजय कोठियाल ने कहा कि, पार्टी का जनाधार लगातार बढ रहा है। लोग आज आप पार्टी की नीतियों से लगातार प्रभावित हो रहे हैं। इन 20 सालों में जनता कांग्रेस और बीजेपी से पूरी तरह ऊब चुकी है। इन 20 सालों में दोनों ही दलों की प्रदेश में सरकारें रही हैं ,लेकिन दोनों ही दलों ने प्रदेश के संसाधनों को लूटने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में शिक्षा,रोजगार,स्वास्थय,बिजली,पानी जैसे ज्वलंत मुद्दे मुंह बाए खडे हैं लेकिन सरकारों का इन 20 सालों में इस ओर कभी ध्यान नहीं गया। जब से आप पार्टी ने प्रदेश में दस्तक दी है,तब से ही दोनों राजनीतिक दल काम की राजनीति करने के लिए अब मजबूर हो गए हैं।

### भाजपा महिला मोर्चा करेगा 14 जिलों एवं 252 मंडलों में कन्या पूजन का भव्य आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण की अध्यक्षता में आज एक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया बैठक में मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय ने माहिल मोर्चा पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा महिला मोर्चा अधिक से अधिक सक्रिय होकर कन्या पूजन करके भाजपा सरकार के द्वारा जो कार्य किए जा रहे हैं। वह जन जन को बताएं एवं कन्या पूजन करके बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को और शक्तिशाली बनाये। प्रदेश अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने अपने संबोधन में बतायाआगामी 17 अक्टूबर को भाजपा महिला मोर्चा ष्उत्तराखंड के संगठनात्मक 14 जिलों के 252 मंडलों में भव्य कन्या पूजन का कार्यक्रम आयोजितत करेगें। उन्होंने कहा कि हम कन्या पूजन के माध्यम से पूरे भारतवर्ष को यह विश्वास दिलायेगे कि सिर्फ 9 दिन ही हमें कन्याओं का सम्मान नहीं करना चाहिए।